# चित्रकूट-पुलिस

(1).

“मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित “मिशन शक्ति अभियान-5”

“मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve

Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में थाना मारकुण्डी पुलिस टीम ने 02 घंटे के अन्दर गुमशुदा व्यक्ति को सकुशल बरामद कर परिजन को सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 30.10.2025 को श्री शिवशंकर यादव पुत्र शिवबली निवासी डोडामाफी थाना मारकुण्डी जनपद चित्रकूट द्वारा सूचना दिया गया कि उनका पुत्र अमित यादव उम्र 25 वर्ष दिनांक 28.10.2025 समय 12.00 बजे दिन घर से मोटर साइकिल UP 96 P 2090 सुपर स्प्लेण्डर से मझगवां की ओर गया था । काफी खोजबीन किया गया लेकिन नही मिला न ही आज तक लौटकर आया । इस सूचना पर थाना मारकुण्डी में गुमशुदगी दर्ज करते हुए उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार सिंह द्वारा तत्काल परिजनों के साथ अमित यादव पुत्र शिव शंकर यादव निवासी डोडा माफी की मिलने के संभावित स्थानों तथा सर्विलांस की मदद से मझगवां तथा सतना के कई स्थानों में तलाश किया गया । सर्विलांस द्वारा गुमशुदा का लास्ट लोकेशन रेलवे स्टेशन मझगवां पर मिला, मौके पर पहुंचकर तलाश किया गया तो गुमशुदा अमित यादव बरामद हुआ। परिजन अमित यादव को पाकर संतुष्ट हुए। परिजनों द्वारा थाना मारकुण्डी पुलिस टीम को बार-बार धन्यवाद किया गया।

(3) पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी पारिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया ।

▶ आवेदक मोनू पुत्र बृजराज थाना राजापुर ने पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया गया कि पत्नी द्वारा अपने मायके से न आने सम्बन्ध में दिया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। प्रभारी परिवार परामर्श टीम महिला मुख्य आरक्षी रजनी सिंह,महिला आरक्षी सोनिका द्विवेदी द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया । दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में गाली गलौज,मारपीट,लड़ाई झगड़ा,घर से बाहर न न निकालने,पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

समझौता कराने वाली टीमः-

2.महिला मुख्य आरक्षी रजनी सिंह

3. महिला आरक्षी सोनिका द्विवेदी

(4).शासन की मनसा अनुरूप जन समस्याओं को त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी चित्रकूट श्री पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों से संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित स्थलीय निरीक्षण कर शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी महोदय ने यह भी कहा की जनसुनवाई में जमीन, नाला,चकरोड, तालाब, विद्युत,जल जीवन मिशन से सम्बन्धित जो समस्याएं आती है उसका निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण कराए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जमीन संबंधित समस्या को पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर स्थलीय निरीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण कराया जाए।
सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी सदर सुश्री पूजा साहू,क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री श्याम प्रताप पटेल,थानाध्यक्ष पहाड़ी श्री प्रवीण कुमार सिंह उपस्थित रहें।

(5).दिनाँक 02.11.025 को थाना भरतकूप क्षेत्रान्तर्गत मडफा पहाड़ कोलौहा के निकट स्थित शंकराचार्य आश्रम में भूमि पूजन हेतु श्री सर्वानंद सोनवाल,मा0 केन्द्रीय पत्तन,पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री भारत सरकार के आगमन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा भूमि पूजन स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा भूमि पूजन स्थल के निकट जनसभा पर सुरक्षा दुरुस्थ रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तत्पश्चात वर्ष 2007 में डकैत ठोकिया के साथ पुलिस मुठभेड़ में शहीद पुलिस बहादुर जवानों की शहादत में ग्राम कोलौहा में बने शहीद स्मारक का निरीक्षण तथा स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से इस स्मारक के जीर्णोद्धार पर चर्चा की और कोल्हुआ के जंगलों में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च भी किया गया।
इस दौरान प्रभारी निरीक्षक भरतकूप श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,अपराध निरीक्षक श्री अभय प्रताप सिंह, पीआरओ श्री कौशल सिंह व सभ्रान्त व्यक्ति उपस्थित रहें।

(6).माननीय न्यायालय एनडीपीएस एक्ट कोर्ट चित्रकूट के आदेश के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 01.11.2025 को थाना बहिलपुरवा के एनडीपीएस एक्ट के अभियोगो से सम्बन्धित मालों को क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविंद कुमार वर्मा, प्रभारी डीसीआरबी श्री गणेश प्रताप सिंह,प्रभारी निरीक्षक श्री आशुतोष तिवारी थाना बहिलपुरवा की उपस्थिति में इंसीनरेटर मशीन मरजादपुर कर्वी के माध्यम से कुल एनडीपीएस एक्ट के 05 मुकदमा में 06 किलो 550 ग्राम गांजा के मालों को समिति के समक्ष नष्ट कराया गया।